बाबा श्याम धणी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
देखे जिसको भी तू प्यार से,
देखे जिसको भी तू प्यार से,
फिर वो देखे कभी भी ना हार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
बाबा श्याम धनी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे।।

अपनी दशा को तुम्हे दिखाने,
आया द्वार मैं तेरे,
तेरी मेहर की नज़र पड़ी तो,
कष्ट कटे सब मेरे,
लीले घोड़े पे हो असवार रे,
एक तेरा मुझे आधार रे,
बाबा मुझको तेरी दरकार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
बाबा श्याम धनी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे।।

तेरी सुधा की बून्द सांवरे,
पड़ जाए मेरी जमी पे,
वन उपवन हर ओर खिलेंगे,
गम होगा ना कही पे,
तेरे होते कैसे हो हार रे,

ताना देगा मुझे संसार रे,
बोलो कैसे करूँ स्वीकार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
बाबा श्याम धनी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे।।

खिंच रहे जीवन गाडी को,
हम तो जैसे तैसे,
तेरी दया बिन तुम्ही तो बोलो,
आगे बढे ये कैसे,
तेरा हाथ भर लगे एक बार रे,
मेरी गाड़ी चले सौ पार रे,
सुनले सुनले ये करुण पुकार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
बाबा श्याम धनी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे।।

हम निर्गुण है दास साँवरे,
तुम अतुलित ज्ञानी हो,
दर आए खाली ना जाए,
सानी तुम दानी हो,
दे दे खुशियों की भरमार रे,
खाली हो ना कभी भंडार रे,
कर निर्मल पे किरपा तू हजार रे,
Bhajan Diary Lyrics,
तेरी अलबेली सरकार रे,
बाबा श्याम धनी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे।।

बाबा श्याम धणी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
देखे जिसको भी तू प्यार से,
देखे जिसको भी तू प्यार से,
फिर वो देखे कभी भी ना हार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे,
बाबा श्याम धनी दातार रे,
तेरी अलबेली सरकार रे।।

स्वर कन्हैया मित्तल जी।

Source: https://www.bharattemples.com/baba-shyam-dhani-datar-re/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw